# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in, CIN : L27106JH1982PLC001633

**BSIL/CS/SE/2020** **Dated: 11th November, 2020**

To,

The Manager

**BSE Limited**

25th Floor, P.J.Towers,

Dalal Street Mumbai-400001

**Scrip Code: 500058**

**Sub: Newspaper clippings of Publication of Un-Audited Financial Result**

Dear Sir/Mam,

Pursuant to the Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, Kindly find enclosed herewith the Newspaper Clippings of publication of Un-Audited Standalone Financial Results for the ended on 30th September, 2020 published in Financial Express (English) and Naya India (Hindi) on 11th November, 2020.

This is for your information and record.

**Thanking you,**

For **BIHAR SPONGE IRON LTD.**

**HIMANI MITTAL**
**(COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER)**

**Encl: as above**

समाचार : खेलकूद/ क्रिकेट

## सार समाचार

### वियतनाम 2021 एफवन कैलेंडर से बाहर

**इस्तांबुल,एपी।** फार्मूला वन 2021 में 23 रेसों के आयोजन की योजना बना रहा है जिसमें सऊदी अरब में होने वाली रेस भी शामिल है लेकिन वियतनाम में पहली रेस का आयोजन नहीं होगा। मंगलवार को प्रकाशित कैलेंडर में अप्रैल में होने वाली वियतनाम ग्रां प्री को जगह नहीं मिली है। इस रेस को इस साल सर्किट पर पदार्पण करना था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के बीच इसे रद्द कर दिया गया। अन्य 22 रेसों में पहली बार होने वाली सऊदी ग्रां प्री भी शामिल है जिसका आयोजन 28 नवंबर को जेद्दा में होना है। कोरोना वायरस महामारी के बीच इस साल रेस का आयोजन करने वाले मुगेलो, पोर्टिमो और इमोला को अगले साल के कैलेंडर में जगह नहीं मिली है।

### बेलिंगहैम को पहली बार इंग्लैंड की टीम में जगह

**लंदन,एपी।** बोरुसिया डोर्टमंड के मिडफील्डर ज्यूड बेलिंगहैम को पहली बार इंग्लैंड की फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। मंगलवार को 17 साल के बेलिंगहैम को सीनियर टीम में शामिल किया गया। वह इंग्लैंड की अंडर 21 टीम के सदस्य हैं। चोट के कारण लीवरपूल के डिफेंडर ट्रेंट एलेक्जेंडर आर्नोल्ड और साउथम्पटन के मिडफील्डर जेम्स वार्ड प्रोवसे के हटाने के कारण बेलिंगहैम को सीनियर टीम में जगह मिली है। गर्मियों की ट्रांस्फर विंडो के दौरान बेलिंगहैम इंग्लैंड की दूसरी डिविजन टीम बर्मिंघम को छोड़कर डोर्टमंड से जुड़े थे और वह बुंदेसलीगा में पहले ही छह मुकाबले खेल चुके हैं।

### बेनफिका, स्पोर्टिंग लिसबन के कार्यालयों पर छापे

लिस्बन,एपी। पुर्तगाली अधिकारियों ने बेनफिका, स्पोर्टिंग लिसबन और सैंटा क्लारा फुटबॉल क्लबों के कार्यालयों पर धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और काले धन को सफेद बनाने (मनी लाउंड्रिंग) के आरोपों में छापे मारे हैं। तीनों क्लबों ने छापों की पुष्टि करते हुए कहा कि वे अधिकारियों से सहयोग कर रहे हैं। कुछ घरों और दो कानून फर्मों पर भी छापे मारे गए।

# बीसीसीआई ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए

## चयनकर्ता पद के लिए आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमा 60 साल है।

**नई दिल्ली** ■ भाषा/डेस्क

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीनियर पुरुष चयन समिति में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले तीन चयनकर्ताओं की जगह नए चयनकर्ताओं की नियुक्ति के लिए मंगलवार को आवेदन आमंत्रित किए। आवेदन भेजने की समय सीमा रविवार 15 नवंबर है। चयनकर्ता पद के लिए आवेदन करने की अधिकतम आयु सीमा 60 साल और न्यूनतम पात्रता 30 प्रथम श्रेणी मैच है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय अनुभव (सात टेस्ट या 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 20 प्रथम श्रेणी मैचों का संयोजन) वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिन तीन चयनकर्ताओं का कार्यकाल पूरा हो गया है वे देवांग गांधी (पूर्व क्षेत्र), सरनदीप सिंह (उत्तर क्षेत्र) और जतिन परांजपे (पश्चिम क्षेत्र) हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से क्षेत्रीय नीति को खत्म कर दिया है लेकिन परंपरा रही है कि समान क्षेत्र का व्यक्ति अपने क्षेत्र के व्यक्ति की जगह लेता है। हाल में सुनील जोशी (दक्षिण क्षेत्र) ने एमएसके प्रसाद की जगह ली थी जो पिछली चयन समिति के अध्यक्ष थे। इसी तरह राजस्थान के गगन खोड़ा की जगह इसी साल फरवरी में रेलवे के हरविंदर सिंह को मध्य क्षेत्र से चयनकर्ता बनाया गया था।

उम्मीद है कि पिछले चरण के आवेदकों के आवेदन वैध रहेंगे जिसमें मुंबई के अजित अगरकर और दिल्ली के मनिंदर सिंह शामिल हैं। सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति का अध्यक्ष वह व्यक्ति होगा जिसे सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अनुभव होगा और ऐसे में मदन लाल की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (जोशी का अंतरराष्ट्रीय अनुभव) से अधिक अनुभव वाले किसी व्यक्ति को चुनती है तो वह मुख्य चयनकर्ता होगा।

क्रिकेट सलाहकार समिति के अन्य सदस्य आरपी सिंह और सुलक्षणा नाईक हैं। सीनियर चयन समिति भारतीय टीम के अलावा भारत ए, दलीप ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी, चैलेंजर ट्रॉफी और शेष भारत (ईरानी कप) टीम का चयन करती है। चयनकर्ताओं की मुख्य जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सर्वश्रेष्ठ संभव टीम का चयन के अलावा राष्ट्रीय टीम के लिए मजबूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार करना है।



### भारतीय खिलाड़ियों के लिए बलुई मैदान 'हैमस्ट्रिंग' के लिए अहम

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** आईपीएल-13 टूर्नामेंट में अब तक कम से कम पांच भारतीय खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो चुके हैं और इनमें टीम इंडिया के सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं। इसका एक कारण तो कोविड-19 के कारण लंबे समय के बाद क्रिकेट खेलना और दूसरा कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की बलुई मैदान (मिट्टी और बालू के मिश्रण वाले) हैं। रोहित के अलावा रिद्धिमान साहा, विजय शंकर, अंबाती रायडू और ऋषभ पंत अब तक हैमस्ट्रिंग और खिंचाव का शिकार हो चुके हैं। भुवनेश्वर कुमार तो जांघ में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से ही बाहर हो गए थे। इन पांच में से तीन खिलाड़ियों को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

### भारत-आस्ट्रेलिया दिन रात के टेस्ट में होंगे 27000 दर्शक

**सिडनी,भाषा।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से एडीलेड ओवल पर होने वाले पहले दिन रात के टेस्ट में 27000 दर्शक होंगे जो स्टेडियम की क्षमता का 50 फीसदी है। कोरोना वायरस महामारी के बीच क्रिकेट मैच जैव सुरक्षित माहौल में दर्शकों के बिना खेले जा रहे हैं।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला में हालांकि दर्शक होंगे। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में तीन वनडे, तीन टी20 और चार टेस्ट खेलेगी। दौरे की शुरूआत 27 नवंबर को सिडनी में पहले वनडे से होगी।

टेस्ट श्रृंखला 17 दिसंबर से एडीलेड में खेली जायेगी। एडीलेड ओवल पर दर्शक क्षमता के 50 प्रतिशत टिकट बेचे जायेंगे यानी हर दिन के लिये 27000 टिकट उपलब्ध होंगे।

भारतीय कप्तान विराट कोहली सिर्फ एडीलेड टेस्ट ही खेलेंगे । इसके बाद वह लौट आयेंगे क्योंकि जनवरी में उनके घर नन्हा मेहमान आने वाला है।

बाक्सिंग डे टेस्ट 26 से 30 नवंबर तक मेलबर्न में खेला जायेगा जिसमें कुल क्षमता के 25 प्रतिशत टिकट ही बेचे जायेंगे ।वहीं ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट में 75 प्रतिशत यानी 30000 टिकट बेचे जायेंगे। दूसरा टेस्ट सिडनी में होगा जहां भी 50 प्रतिशत यानी 23000 तक ही टिकट बेचे जा सकेंगे।

# हरमनप्रीत ने हार के लिए बल्लेबाजों को दोषी ठहराया

**शारजाह** ■ भाषा/डेस्क



सुपरनोवाज की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला टी20 चैलेंज के फाइनल में ट्रेलब्लेजर्स से मिली हार के लिये साझेदारी नहीं बनने को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था कि इसे हासिल नहीं किया जा सकता था। ट्रेलब्लेजर्स की टीम कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी के बावजूद आठ विकेट पर 118 रन ही बना सकी जिसमें राधा यादव ने पांच विकेट झटके जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'चुना गया। इसके जवाब में दो बार की चैम्पियन सुपरनोवाज की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत चोट के बावजूद क्रीज पर डटी रहीं और 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।

लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकी। उन्होंने कहा, चोट इतनी ज्यादा खराब नहीं है लेकिन इस मैच से हमने काफी कुछ सीखा। उन्होंने कहा, इस लक्ष्य को हासिल करना इतना मुश्किल नहीं था, लेकिन हम कोई बड़ी साझेदारी नहीं बना सके। आपको कम से कम दो अच्छी भागीदारियां चाहिए थीं। यह बहुत मुश्किल हो गया क्योंकि मुझे क्षेत्ररक्षण करते हुए चोट लग गयी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन अंत में यह काफी नहीं था। कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के कारण घर पर रहने के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, घर पर बैठना काफी कठिन था, जो हालात हैं हमें उसका सम्मान करना चाहिए। हमें सुरक्षित रहना चाहिए, भले ही हम खेल रहे हों या नहीं।

राधा यादव (तीन मैचों में आठ विकेट) ने मैच के दौरान अपने पांच विकेट के बारे में कहा, पांच विकेट लेकर अच्छा लगा लेकिन मैं खुश नहीं हूं क्योंकि हम हार गये। मैं पिच को देखकर काफी खुश थी क्योंकि यह स्पिन कर रही थी। योजना सरल चीजें करनी थीं, जहां तक संभव हो सामान्य रहने की थी। लॉकडाउन के बारे में उन्होंने कहा, लॉकडाउन काफी मुश्किल था, लेकिन मैंने अपनी गेंदबाजी में काफी सुधार किया। शायद यह दिख रहा है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में पहली महिला निदेशक नियुक्त

**इस्लामाबाद,एपी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहली बार महिला निदेशक की नियुक्त की है। मानव संसाधन कार्यकारी आलिया जफर पीसीबी के चार नये निदेशकों में से है। उनके अलावा वित्त कार्यकारी जावेद कुरैशी, अर्थशास्त्री असीम वाजिद जवाद और कारपोरेट कार्यकारी आरिफ सईद की नियुक्त हुई है। जफर और जवाद को दो साल के लिये नियुक्त किया गया है। पीसीबी के नये संविधान के तहत चार स्वतंत्र निदेशकों में से एक महिला होना जरूरी है। पीसीबी अध्यक्ष एहसान मनी ने कहा,मैं नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत करता हूं खासकर आलिया जफर का जो पहली स्वतंत्र सदस्य है ।यह पीसीबी के प्रशासन का ढांचा बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। अब पाकिस्तान के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिर्फ छह प्रांतीय टीमें बलोचिस्तान, सेंट्रल पंजाब, सदर्न पंजाब, खायबर पखतूंख्वा, सिंध और नार्दर्न होंगी।


अंतरराष्ट्रीय मुकाबले : क्रिकेट

## विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे मेदवेदेव

**नई दिल्ली** ■ वार्ता/डेस्क

पहली बार पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतने वाले रूस के डेनिल मेदवेदेव सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। मेदवेदेव ने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को रविवार को 5-7, 6-4, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स का खिताब जीता था।

मेदवेदेव पेरिस मास्टर्स खिताब जीतने वाले चौथे रूसी खिलाड़ी थे। मेदवेदेव से पहले पेरिस मास्टर्स जीतने वाले अन्य रूसी खिलाड़ी मरात साफिन, निकोलई देवीदेंको और कारेन खाचानोव थे।



लम्बे समय से कोर्ट से बाहर चल रहे स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर एक स्थान गिरकर पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। फेडरर ने इस साल अपने घुटनों की सर्जरी कराई थी।

फेडरर ने अगले साल जनवरी में कोर्ट पर लौटने का लक्ष्य रखा है। टॉप 10 में इन दो स्थानों को छोड़कर अन्य कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारने वाले स्पेन के राफेल नडाल का दूसरा स्थान बना हुआ है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपने करियर में छठी बार साल का समापन नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करेंगे।

ये खिलाड़ी अब 15 नवम्बर से लंदन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स में उतरेंगे। वर्ल्ड टूर फाइनल्स का ड्रा 12 नवम्बर को निकाला जाएगा।

### रामनाथन की 21 स्थान की छलांग

**नई दिल्ली,वार्ता।** भारत के टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन 21 स्थान की लम्बी छलांग के साथ ताजा एटीपी रैंकिंग में टॉप 200 में शामिल हो गए हैं जबकि सुमित नागल दो स्थान गिर गए हैं। सोमवार को जारी रैंकिंग में रामनाथन 21 स्थान की छलांग के साथ 185वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल रैंकिंग में दो स्थान की गिरावट के साथ 135वें नंबर पर खिसक गए हैं जबकि प्रजनेश गुणेश्वरन का 146वां स्थान बरकरार है। प

## साल्सबर्ग के सभी फुटबॉलर कोरोना जांच में नेगेटिव

**साल्सबर्ग,एपी।** साल्सबर्ग के सभी फुटबॉलर कोरोना वायरस जांच में अब नेगेटिव पाये गए हैं जबकि आस्ट्रियाई क्लब फुटबॉल चैम्पियन टीम के छह खिलाड़ी पहले पॉजिटिव पाये गए थे। इसके बाद साल्सबर्ग ने अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम से जुड़ने से रोक दिया था। सोमवार को दोबारा की गई जांच में नतीजे नेगेटिव पाये गए। क्लब ने मंगलवार को कहा कि वे पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि एक ही लैब में दो अलग अलग नतीजे कैसे आये। क्लब के व्यवसाय प्रबंधक स्टीफन रीटर ने एक बयान में कहा, हम मौजूदा प्रतिबंधों को खत्म करने के लिये हरसंभव प्रयास करेंगे ताकि हमारे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश के लिये खेल सकें। उम्मीद है कि उन पर लगाया गया यात्रा संबंधी प्रतिबंध जल्दी वापिस लिया जायेगा।

महिला हॉकी

# हम टोक्यो में इतिहास रचेंगे: निक्की

**बेंगलुरु** ■ वार्ता/डेस्क

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर निक्की प्रधान ने कहा है कि अगर टीम अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलेंगी तो निश्चित तौर पर टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचेगी।

निक्की ने कहा, "हमने एक बेहतर टीम बनने के लिए पिछले चार वर्षों में हर कोशिश की। अब हम विश्व की किसी भी टीम से मुकाबले के लिए तैयार हैं। अगर हम अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलेंगे तो निश्चित तौर पर टोक्यो में इतिहास रचेंगे।" उन्होंने साथ ही कहा कि मैदान से दूर बिताया गया समय उन्हें भविष्य के मुकाबलों के लिए तैयार होने में मदद करेगा। निक्की ने कहा कि उन्हें सही समय पर खेल से ब्रेक मिला क्योंकि इस दौरान



इस पर विचार करने का अवसर मिला कि वह अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने पर अपने करियर को किस ओर ले जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, "कभी-कभी जब हम एक के बाद एक टूर्नामेंट खेलते रहते हैं तो हमें हमारे प्रदर्शन के कुछ पहलुओं पर विचार करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। मेरा मानना है कि मुझे सही समय पर ब्रेक मिला और मैंने 100 मैच खेल लिया है। जब मैं मैदान से दूर थी तो मुझे इन 100 मैचों की तैयारियों में गई गलतियों पर विचार करने का मौका मिला। हॉकी खिलाड़ी ने कहा कि वह इस बात से खुश है कि उनके प्रदर्शन में दिन-प्रतिदिन सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, " खेल में वापसी कर बहुत अच्छा लगा। हम सब यह बात समझ चुके हैं कि हम इस खेल को कितना ज्यादा पसंद करते हैं और नियमित रूप से भारत के लिए खेलना कितने बड़े सम्मान की बात है। निक्की ने कहा हम ओलंपिक के लिए अभ्यास शुरू होने से पहले की गई तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया और एसएआई के प्रति बहुत आभारी हैं।

### टी-20 ब्लास्ट-2021 में ससेक्स के लिए लौटेंगे राशिद खान

**लंदन,आईएएनएस।** इंग्लैंड के क्रिकेट क्लब ससेक्स ने टी-20 ब्लास्ट के अगले सीजन के लिए अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान को अपनी टीम में शामिल किया है। टी-20 में विश्व के नंबर-1 गेंदबाज राशिद ने हाल ही में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल-13 का समापन किया है। आईपीएल में उन्होंने 16 मैचों में 20 विकेट लिए थे। राशिद ने कहा, मैं 2021 ब्लास्ट में ससेक्स के साथ दोबारा खेलने को तैयार हूं। मैं 2018 से जब से यहां आया हूं तब से यह मेरे लिए दूसरे घर के जैसा रहा है। मैं 2021 में दोबारा टीम के साथ खेलने को तैयार हूं और उम्मीद करता हूं कि हम अपने वफादार समर्थकों के सामने जल्दी खेलेंगे। पिछली बार जब राशिद ससेक्स के साथ खेले थे तो टीम नॉकआउट स्टेज में पहुंची थी। उन्होंने क्लब के 18 मैचों में 24 विकेट लिए थे। ससेक्स के टी-20 कोच जेम्स कर्टले ने कहा, अगले सीजन के लिए राशिद को टीम में लाना शानदार रहा है। वह मेरी टीम की सूची में रहते हैं। अगले साल ससेक्स के लिए उनका खेलना शानदार होगा।

### राष्ट्रपति से साइकिल प्राप्त करने वाले रियाज जल्दी पहुंचेंगे साई

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने बताया है कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा तोहफे के तौर पर साइकिल पाने वाले 16 वर्षीय रियाज जल्द ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंडर में भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) में ट्रेनिंग लेंगे। वह दिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू करेंगे। रिजिजू ने सोमवार को ट्वीट करते हुए कहा, मैं इस बात को लेकर खुश हूं कि रियाज जल्द ही साई के ट्रेनी होंगे। राष्ट्रपति जी ने इस युवा खिलाड़ी को ईद पर साइकिल तोहफे में देकर प्रेरित किया था। दिवाली के बाद वह भारत के बेहतरीन साइकिलिंग केंद्र दिल्ली के आईजी स्टेडियम में ट्रेनिंग करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, जब प्रतिभा को मौका मिलता है तो सफलता मिलती है।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(आपूर्ति शाखा)

दूरभाष :06553-261555 (O) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

-: आवश्यक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार खरीफ विपणन मौसम 2020-21 में धान अधिप्राप्ति का कार्य दिनांक 15.11.2020 से संभावित है। धान बिक्री करने हेतु किसानों का निबंधन हेतु किसनों से निर्धारित फोटोयुक्त वैद्य पहचान पत्र यथा- आधार संख्या, मोबाईल नम्बर, बैंक खाता विवरणी, कृशि कार्य हेतु प्रयुक्त भूमि का रकबा (खाता संख्या एवं प्लॉट संख्या) संबंधित प्रखण्ड के अंचल अधिकारी से सत्यापन के पश्चात संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/पणन पदाधिकारी के माध्यम से जिला आपूर्ति कार्यालय, रामगढ़ द्वारा आवेदन प्राप्त किये जाऐंगे। प्राप्त आवेदन पत्र के जांचोपरान्त किसानों के निबंधन कार्य पूर्ण किया जाएगा। निबंधित सभी किसानों के आवश्यक सभी कागजात जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किये जाऐंगे। निबंधन हेतु निम्न प्रकार से समय-सीमा निर्धारित किया जाता है :-

i) आवेदन प्राप्ति की तिथि - 15 नवम्बर 2020
ii) प्राप्त आवेदन का जांच, अनुमोदन एवं ई-उपार्जन में अपलोड - 15 दिसम्बर 2020

2. विभागीय पत्रांक 2452, दिनांक 18.09.2020 द्वारा रामगढ़ जिला में वर्ष 2020-21 का अनुमानित लक्ष्य (मि0टन) 3500 एवं निबंधित किसानों का लक्ष्य (संख्या) 3000 निर्धारित किया गया है। धान अधिप्राप्ति में रकबाके अनुसार लघु/सीमांत/मध्यम/वृहत किसानों की भगीदारी सुनिश्चित करना है। प्रबंध निदेशक, निगम मुख्यालय, रांची के पत्रांक 1996, दिनांक 04.11.2020 के द्वारा विपणन मौसम 2020-21 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नीति निर्धारण निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है :-

धान - साधारण - रू0 1868/-प्रति क्वी0
धान-ग्रेड ए - रू0 1888/-प्रति क्वी0

3. विभागीय पत्रांक 2489, दिनांक 23.09.2020 खरीफ विपणन मौसम 2020-21 में धान अधिप्राप्ति एवं सी0एम0आर0 (CMR) जमा करने की तिथि निम्नवत् निर्धारित किया गया है :-

धान अधिप्राप्ति की अवधि - 15 नवम्बर 2020 से 31 मार्च 2021
CMR जमा करने की अवधि - 30 सितम्बर 2021

अतः समय-सीमा के अंदर नये किसानों के पंजीकरण के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/पणन पदाधिकारी के कार्याल में जमा कर सकते है।

ह०/-
जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 235631 Food Public Distribution and Consumer Affairs(20-21)D



बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड

सीआईएन: L27106JH1982PLC001633

पंजी. कार्यालय : उमेश नगर, चांडिल जिला सरायकेला खरसावां, झारखंड-832401

ई-मेल : companysecretary@bsil.org.in / वेबसाइट : www.bsil.org.in

30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु पृथ्क्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2020 (अ-लेखापरीक्षित) | छमाही समाप्त 30.09.2020 (अ-लेखापरीक्षित) | तमाही समाप्त 30.09.2019 (अ-लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 479.06 | 558.56 | 144.68 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण मदों से पहले) | 67.36 | 12.73 | (20.45) |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | 50.40 | (22.52) | (3.97) |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | 50.40 | (22.52) | (3.97) |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [ अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है ] | 50.40 | (22.52) | (3.97) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 902,054 | 902,054 | 902,054 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रु 10/- प्रत्येक) (निरंतर और बंद किए गए आपरेशनों के लिए) | | | |
| क. | मूल (रु. में) | 0.06 | (0.02) | (0.00) |
| ख. | तनुकृत (रु. में) | 0.06 | (0.02) | (0.00) |

नोट :

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का सारकित रुप हैं 30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेन्ज की वबेसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट: www.bsil.org.in पर उपलब्ध हैं।

उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुसार जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित है कंपनियों के नियम 3 (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) (संशोधन) के साथ पढें।

वास्ते बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड
हस्ता./-
जगदीश चन्द्र चावला
निदेशक
(डीआईएन : 05316202)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 10 नवंबर, 2020